राजस्थान सरकार

राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, उदयपुर

RSCERT Udaipur

विश्व पर्यावरण दिवस विशेष

हवामहल

कोरोना समय में बच्चों का झरोखा

04 जून 2022: शनिवार: वर्ष – 03: अंक – 06

धक धक बोले धरती का दिल

आज की कविता

इस दुनिया के सब जीव-जन्तु, पेड़ -पौधे और वातावरण मिलकर जो विविधता बनाते हैं, वह इस धरती का दिल है। और वो धड़क धड़क कर हमे बताना चाह रहा है कि सब एक दूसरे के लिए बहुत जरूरी हैं। आसमान, धरती, हवा पानी, सूरज, चाँदऔर तारे धड़कन की ताल में ताल मिला रहे हैं। चित्र पर क्लिक कर आप भी सुनिए इस ताल को

3+ वर्ष के बच्चों के लिए। MEFCC

जीव जन्तुओ के घर

आज की कहानी

सबका अपना अपना एक घर तो होता ही है। घोंसला, गुफा, बिल, पानी, जाला और जंगल। कोई जमीन पर तो कोई ऊंचे पेड़ों पर। किसी का छत्ता है तो किसी की माँद। लेकिन ये सब छोटे- बड़े घर, एक बड़े से घर के भीतर ही तो हैं। आपको पता है वो बड़ा सा घर कहाँ है? जानने के लिए चित्र पर क्लिक कीजिए.....

जीव-जन्तुओं के घर

6+ वर्ष के बच्चों के लिए। Pratham Books

पेड़ों और जंगलों की अनूठी दुनिया

आज की किताब

ये दुनिया रंग बिरंगी और अनोखी है। इसके पास पेड़, जंगल, जीव जंतुओं का अद्भुत खजाना है। दुनिया में हर चीज एक दूसरे से बिल्कुल अलग है। एक से बढ़कर एक। ऐसी हैरत अंगेज दुनिया के बारे में हम जितना भी जानें कम है। आइए चित्र पर क्लिक कर जानते है दुनिया के कुछ अनोखे पेड़ों और जंगलों के बारे में......



6+ वर्ष के बच्चों के लिए। NBT India

पौधों की परी

आज की गतिविधि

आओ एक नये मजेदार खेल के बारे में जानते हैं। पेड़- पौधों के पास न जाने कितने खेल खिलौने हैं। पेड़ की पत्तियां, फूल, तने और तरह- तरह की घास। इन पेड़ों के इर्द गिर्द कितने सारे खेल, खेल सकते हैं हम। इतने रंग, इतने आकार, इतने नाम हमें कितने सारे अलग अलग मौके देते हैं। आओ जानते हैं एक ऐसे ही खेल के बारे में ....



6+ वर्ष के बच्चों के लिए। NCERT

नई तालीम, आज : कुछ समस्याएं और संभावनाएँ

टीचर्स कॉर्नर

शिक्षा का असल मायना है कि वह हमारे समय के बारे में बात करती हो, हमारे आज से जुड़ती हो और जिसके पास हमारे आज के सवालों के जवाब हों। नई तालीम , शिक्षा की एक ऐसी ही सोच और प्रणाली की बात थी, जो अब बीते समय की चीज हो गई । लेकिन उसके पास आज के सवालों के जवाब हैं । चित्र पर क्लिक कर ये जवाब जाने.....

शिक्षकों के लिए। Learning Curve

लाइब्रेरी का पर्यावरण

हमारा पुस्तकालय

बच्चों की लाइब्रेरी, पर्यावरण से जुड़ाव के लिए एक बेहतर जगह हो सकती है। जैव-अजैव जगत की विविधता पृथ्वी के साथ साथ किताबों में ही तो समाई हुई है। आइये पढ़ते है लाइब्रेरी के पर्यावरण का रोचक अनुभव। ब्लॉग पढ़ने के लिए चित्र पर क्लिक करें।

लाइब्रेरी का पर्यावरण

शिक्षकों के लिए। RSLPP

#घर में रहें
#आनन्दसेपढ़ें

साथियों, हवामहल का 110 वाँ अंक आपके हाथों में हैं। खुद जुड़िये और अपने दोस्तों को भी जोड़िए। बताइएगा कि यह अंक कैसा लगा?

हवामहल के सभी अंकों को प्राप्त करने के लिये यह QR कोड स्कैन करें।

आज का अंक आपको कैसा लगा? अपने सुझावों से अवगत कराने के लिए सुझाव पेटिका के चित्र पर क्लिक करें।